देश का संविधान नहीं, भ्रष्टाचारियों... पृष्ठ 2 | कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को एक लाख... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 10 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 177, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## जशपुर में सीएम साय ने भरी हुंकार, कहा- आदिवासियों को विधर्मियों से डरने की जरूरत नहीं



**रायपुर/जशपुर।** जो लोग कहते हैं कि आदिवासी हिन्दू नहीं हैं, तो ऐसे विधर्मियों से हमें सावधान रहना है. हम आदिवासी लोग शिव-पार्वती की पूजा करते हैं, आदिवासियों से बड़ा हिन्दू कोई नहीं हो सकता है. आदिवासियों की एकता को तोड़ने का प्रयास जो विधर्मी कर रहे हैं, उनके बहकावे में नहीं आना है, उनको करारा जवाब देना है. यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर के वनवासी कल्याण आश्रम में आदिवासियों के सबसे बड़े त्यौहार सरहुल सरना पूजा महोत्सव में कही.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता को हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर वर्ष यहाँ सरहुल खद्दी पूजा का आयोजन चैत्र प्रतिपदा के दिन करने की परंपरा है. मैं शुरू से ही वनवासी कल्याण आश्रम का कार्यकर्ता रहा हूँ. हर बार मेरा प्रयास रहता है कि इस पूजा में आप सभी के बीच रहूं, आप सभी के दर्शन करूँ.

उन्होंने कहा कि आज जो मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहा हूँ वो महादेव-पार्वती, बालाजी भगवान, खुड़िया रानी, हमारे देवी-देवता, वनवासी कल्याण आश्रम, दिलीप सिंह जूदेव जी, बालासाहेब देशपांडे जी, जगदेव उरांव जी और आप सभी के आशीर्वाद से हूँ. उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा दायित्व है कि जशपुर का नाम ऊँचा हो, जशपुर का नाम कभी भी नीचा न हो यह आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगता हूँ. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरहुल खद्दी पूजा में हम आदिवासी प्रकृति की, पेड़-पौधे, सरई पेड़ की पूजा करते हैं. हम आदिवासी साल भर जो करते हैं और जो गलती करते हैं उसके लिए धरती माता, महादेव-पार्वती से क्षमा मांगते हैं. आने वाले साल में हम सबका जीवन मंगलमय हो, सुखमय हो, परिवार अच्छे से रहे, खेती अच्छा हो, बरसात अच्छा हो इसके लिए हम आज के दिन धरती माता और महादेव-पार्वती की पूजा करते हैं, उनसे आशीर्वाद मांगते हैं. छत्तीसगढ़ में सदैव सुख-समृद्धि हो, सबका जीवन मंगलमय हो इसकी कामना मैं धरती माता और महादेव-पार्वती से करता हूँ.साय ने कहा कि नवरात्र में शक्ति की पूजा होती है. तो हमारी प्रकृति भी शक्ति की एक स्वरुप है. माँ दुर्गा का एक नाम प्रकृति भी है. हम आदिवासी प्रारम्भ से ही प्रकृति और शक्ति दोनों की पूजा करते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सभी ने मोदी की गारंटी पर विश्वास कर भाजपा को अपना पूरा आशीर्वाद देते हुए चुनाव जिताया. आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 100 दिन में हमने मोदी की गारंटी के प्रमुख वादे को प्राथमिकता से पूरा किया है. 18 लाख पीएम आवास के लिए शपथ ग्रहण के दूसरे दिन 14 दिसंबर को राज्यांश जारी किया. अभी अप्रैल माह में केंद्र का 60त्न अंश भी मिल जाएगा, फिर 18 लाख परिवारों का पीएम आवास बनना तेजी से शुरू हो जाएगा.

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के दिन 25 दिसंबर को प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों को धान खरीदी का 2 वर्ष का बकाया बोनस 3716 करोड़ रुपए दिए, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख 12 हजार 417 महिलाओं को दूसरा किश्त भी जारी कर दिया है, जो कोई भी महिलाएं फॉर्म भरने से रह गई हैं तो वो फिर से फॉर्म भर सकती हैं, ये योजना आगे भी निरन्तर चालू रहेगी. उन्होंने कहा कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की, प्रति क्विंटल 3100 रूपये में धान खरीदी की, प्रति क्विंटल 917 रुपये के मान से प्रदेश के 24.72 लाख किसानों को 13,320 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की, रामलला दर्शन योजना की भी शुरूआत हो चुकी है, सरकार अपने खर्चे में रामभक्तों को रामलला के दर्शन के लिए ले जा रही है. मुख्यमंत्री ने कहा हमने तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपया प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदने के भी आदेश दे दिए हैं, साथ ही चरण पादुका योजना की पुनः शुरुआत की घोषणा भी कर दी है. हमारी गारण्टी में जो सस्ते में गैस सिलेंडर और भूमिहीन श्रमिकों को सालाना 10 हजार रूपये देने का वादा है उसे भी पूरा करेंगे.



**दिलीप सिंह जूदेव को किया याद**- मुख्यमंत्री ने दिलीप सिंह जूदेव को याद करते हुए कहा कि जशपुर को कुमार साहब ने बचा कर रखा. आदिवासियों का धर्मांतरण होने से रोका, दर्जनों पदयात्रा की, घर वापसी कार्यक्रम चलाया, राजा होकर भी लाखों धर्मान्तरित लोगों के पांव धुलाकर हिन्दू धर्म में वापसी कराई. गौहत्या के विरोध में कई पद यात्राएं की, तब हमारा जशपुर बचा है. हमें राजा साहब के दिखाए मार्ग पर चलना है, और विधर्मियों के बहकावे में नहीं आना है. धर्मांतरण को करारा जवाब देना है, जशपुर को बचाना है. बढ़ाई जा सके. महोत्सव में कृपाशंकर भगत, विधायक रायमुनी भगत, पूर्व मंत्री गणेशराम भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सरहुल समिति के महामंत्री गोविन्द राम भगत, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, प्रियवंदा सिंह जूदेव, जया सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, यश प्रताप जूदेव, कृष्णकुमार राय, राजशरण भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सुरेश राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजकपूर राम भी उपस्थित थे.

### बीजेपी के स्टार प्रचारकों का छत्तीसगढ़ दौरा 14 को

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के स्टार प्रचारकों के छत्तीसगढ़ आने का दौर शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद



अब 14 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और 13 अप्रैल को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगे। पीएम मोदी की बस्तर के छोटे आमाबाल गांव में सभा के बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी बस्तर लोकसभा के दंतेवाड़ा में आमसभा कर पार्टी के लिए वोट मांगेंगे। दंतेवाड़ा के बाद राजनाथ सिंह राजनांदगांव लोकसभा सीट में प्रचार के लिए खैरागढ़ में आमसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए प्रचार करेंगे। राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह दौरा अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जगदलपुर के आमाबाल गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी इन धमकियों से डरने वाला नहीं है। आप ही बताए गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए की नहीं। मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया उन्होंने बचाने का काम किया।

### नवरात्रि मेला में चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि पर्व वर्ष- 2024 आज दिनांक- 09.04.2024 से प्रारंभ है नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी मंदिर



डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है। जिसको ध्यान में रखते हुये पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/कानुन व्यवस्था/यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी है। इसी तारतम्य में आज दिनांक- 09.04.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मंदिर परिसर के सामने छिरपानी चैक के पास चाकु लेकर घुम रहे शिव चन्द्रवंश पिता रविन्द्र चन्द्रवंशी उम्र- 18 साल, निवासी रजा नगर डोंगरगढ़ को घेराबंदी कर चाकु के साथ रंगेहाथ पकड़कर आरोपी

### हिंदू नव वर्ष तथा चैत्र नवरात्र पर सर्व ब्राह्मण समाज ने भिक्षुक दान व वस्त्र वितरण किया

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्र तथा हिंदू नव वर्ष पर सर्व ब्राह्मण समाज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में शहर के



मंदिरों में भिक्षुक दान एवं वस्त्र वितरण का आयोजन किया । आज सुबह से ही अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उप प्रांताध्यक्ष लेखमणि पांडेय, सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा, प्रमुख सलाहकार राजेश मिश्रा, संभागीय महासचिव अशोक मिश्रा, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा , पं ऋषि तिवारी, महासचिव मनीष मिश्रा, धनंजय शर्मा, शहर सचिव सुमित शर्मा, मोहित शर्मा, गणेश शर्मा, गोपाल शर्मा ने बंजारी धाम, महामाया, शीतला मंदिर,लाखे नगर क्षेत्र आदि में बैठे भिक्षुकों को अन्न दान व वस्त्र वितरण किया। उक्त अवसर पर पदाधिकारियों ने चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष के इस पावन बेला में ब्राह्मण समाज सहित समस्त समाज के कल्याण, प्रगति एवं शांति के साथ-साथ नारी शक्ति तथा युवा वर्ग की खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

## झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज की नारी शक्तियों ने विशाल स्कूटर रैली निकालकर शहर मे बनाया एतिहासिक रिकॉर्ड

### आयो लाल,, झूलेलाल के नारे सहित धूमधाम से हुआ नगर भ्रमण, रैली का जगह- जगह हुआ स्वागत





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदुओ के नए वर्ष व सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल जयंती पर समाज की नारी शक्तियों ने शहर में विशाल स्कूटर रैली निकालकर भव्य इतिहास रच दिया। लगभग दो हजार की संख्या में सफेद सलवार व केसरिया चूनरी डाले ,सिर में लाल रंग की झूलेलाल टोपी लगाए स्कूटर पर सवार होकर जब कतार में निकली सिंधी मर्दानियों को देखकर लोग आश्चर्य चकित रह गए।

बता दें कि शहर वासियों ने बड़ी बड़ी सायकल रैली, मोटर सायकल रैली देखी है लेकिन लगभग दो हजार की संख्या में आयो लाल झूलेलाल के नारे लगाते हुए लालबाग सिंधी कालोनी से निकली सिंधी समाज की सजी - धजी नारी शक्तियों को देखने पूरा शहर उमड़ पड़ा। लोगों ने रैली में शामिल नारी शक्तियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत- अभिनंदन किया। शहर के चौक- चौराहे इस विशाल स्कूटर रैली के दबाव में जहां - तहां जाम की स्थिति बन पड़ी। इस दौरान मानव मंदिर चौक पर रैली का स्वागत करने खड़े समाज के राजा माखीजा, चंदन रुचंदानी, प्रेम रुचंदानी ,पवन जेठानी,कमल गंगवानी,सुनील उभेरानी,अर्जुन वाधवानी आदि ने समाज की नारी शक्ति का हौसला बढ़ाया। इसके पूर्व समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, ब्रह्मानंद बजाज,आवत राम तेजवानी अर्जुन दास पंजवानी, घनश्याम दास गंगवानी आदि ने भगवान झूलेलाल के गगन भेदी नारों के साथ उक्त स्कूटर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूटर रैली का धूमधाम ?के साथ नगर भ्रमण पश्चात पुनः हेमु कालानी नगर लालबाग पहुंच कर समापन किया गया। समाज के चंदन रुचंदानी व राजा माखीजा ने बताया कि आज 10 अप्रैल बुधवार को चेटीचंड महोत्सव के शुभ अवसर पर सिंधु भवन झूलेलाल नगर चौखड़िया पारा से सुबह 11 बजे भगवान झूलेलाल की पूजा -पाठ,व साहिबा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रुप से डॉ के,एस , कंजवानी, घनश्याम सिंह वाधवानी, सहित भजन मंडली के भजनों की सुरमयी धारा बहेगी। इसके बाद लंगर का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात शहीद हेमू कालाणी नगर लालबाग समीप स्थित शहर के एतिहासिक तालाब बूढ़ासागर के झूलेलाल घाट में देर शाम 7 बजे भव्य गीत- संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के समस्त भगवान झूलेलाल के अनुयाइयों की अधिकाधिक संख्या में पधार करकार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की गई है।

## जिले में बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग पूर्णता की ओर

### बख्शी स्कूल में चल रहा मूल्यांकन का कार्य

**खैरागढ़( नांदगांव टाइम्स )।** दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जिले में लगभग पूरा हो गया है. जिला निर्माण के बाद पहली बार



खैरागढ़ मे डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है. बोर्ड से दसवीं कक्षा की 69 हजार 47 कापियां मूल्यांकन के लिए प्राप्त हुई थी जिसमे 67 हजार 182 का मूल्यांकन हो गया है. संस्कृत और अंगेजी विषय की 1860 कापियां ही मूल्यांकन के लिए शेष रह गई है. बारहवीं कक्षा की 41 हजार 158 कापियां मूल्यांकन के लिए आई थी जिसमें 39 हजार 208 के मूल्यांकन कार्य के बाद हिंदी, इतिहास और राजनीति शास्त्र विषय की 1950 कापियां का मूल्यांकन कार्य शेष है. संस्था में मूल्यांकन केंद्र अधिकारी रोशनलाल वर्मा व संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 11 अप्रैल तक दोनों कक्षाओं की शेष उत्तर पुस्तिकाओ का भी मूल्यांकन हो जाएगा. मूल्यांकन कार्य में महती व्यवस्था बनाने शिक्षक किरण सिंह, सुनील गुनी, अनुराग सिंह, आशीष मिश्रा, पुकेश्वर निषाद सहित संस्थागत शिक्षकों का विशेष सहयोग मिल रहा. गौरतलब है कि पहले 14 अप्रैल तक मूल्यांकन काम पूरा करने समय निर्धारित किया गया था लेकिन लोक सभा चुनाव को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10 अप्रैल तक मूल्यांकन काम पूरा करने का नए निर्देश जारी कर दिया हैं जिसके चलते पहली बार मूल्यांकन को लेकर मिले अवसर को पूरा करने शिक्षा विभाग ने पूरी ताकत झोंक दी हैं. हालांकि मूल्यांकन केंद्र में जीर्णोद्धार का कार्य होने के कारण अव्यवस्था बनी रही लेकिन मूल्यांकन काम को लेकर प्रतिदिन 250 से 300 शिक्षकों की सेवा ली गई हैं और प्रत्येक शिक्षक को एक दिन में 40 कापियां जांच रहे हैं।

## गरीब परिवार की महिला को मिलेंगे हर महीने 8,333 रुपए : भूपेश बघेल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मंगलवार को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद के लिए पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा के लोगों ने महिलाओं को एक हजार रुपए का लालच देकर कई हजार का नुकसान कर दिया। महतारी वंदन योजना का पैसा भी सभी महिलाओं तक पहुंचा नहीं है। सात किलों प्रति परिवार की जगह अब महज पांच किलो चावल दिया जा रहा है। नए राशन कार्ड पर यह स्पष्ट रूप से लिख दिया गया है। न ही अब गोबर से आय हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही गृहलक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपए यानि हर माह आठ हजार तीन सौ तेतिस रुपए सीधे उनके खातों में मिलेंगे। नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को भूपेश ने अपने चुनाव प्रचार की शूरुआत छुईखदान के दनिया गांव से मंदिर में माता के दर्शन से की। इस दौरान उन्होंने सभी की खुशहाली की कामना की। अपने भाषण में भूपेश बघेल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर महिलाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया। भूपेश ने कहा न ही किसी को आवास मिला और न ही चार सौ रुपए में सिलेंडर और न ही सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

नवरात्र का प्रथम दिन होने के कारण भूपेश बघेल का जनसंपर्क कार्यक्रम प्रतिदिन की अपेक्षा थोड़ा विलंब से शुरू हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन होने के कारण भूपेश बघेल भी अपने निवास से पूजा-अर्चना करके ही निकले थे। लगातार दो दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर रहे भूपेश बघेल ने मंगलवार को छुईखदान के 22 गांव का दौरा किया। दनिया से शुरू हुआ यह जनसंपर्क कार्यक्रम बिरनपुर, धोंधा, हनईबन, जगमड़वा, ठंडार, गंडई, भुरभुसी, गोकना, बागुर, छिरहीडीह, सुखरी, बरबसपुर, पेंडरवानी, लालपुर, लिमो, ढाबा, कटंगी, बुढ़ासागर और गंडई के देवपुराए टिकरीपारा में प्रस्तावित था। चुनाव प्रचार के दौरान एक दौर ऐसा भी आया कि गली में अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ भूपेश



बघेल और संतोष पांडेय का आमन सामना हुआ। दोनों नेताओं ने सहजता से एक-दूसरे से हाथ मिला और अभिवादन किया। इसके बाद भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर तस्वीर और वीडियो शेयर करते हुए राम-राम लिखा। साथ ही भूपेश ने लिखा कि संतोष पांडेय जी से आज चुनाव प्रचार के दौरान भेंट हुई। उनके जाने का समय था और मेरे आने का जीतेंगे राजनांदगांव। इस जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पदम् कोठारी, गुलशन तिवारी, रामानंद साहू, कामदेव जंघेल, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव, रामकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजू सिंह चंदेल, रंजीत चंदेल, मोतीलाल चंदेल, अशोक जंघेल, विजय वर्मा, मोहसिन खान, प्रमोद सिंह ठाकुर, हेमंत वैष्णव, देवराज किशोर, दास वैष्णव, कोसन दास, कोसार लाल, टारकेश्वर शाह खुसरो, आरती महोबिया, नीना विनोद ताम्रकार, अरुण जोशी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

nandgaon times april-10.qxd 4/9/2024 11:57 PM Page 2



# देश का संविधान नहीं, भ्रष्टाचारियों का अस्तित्व खतरे में - संतोष पांडे







**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचलों का तूफ़ानी दौरा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा भाजपा पर नागरिकों के अधिकार छिनकर संविधान बदलने के आरोप की मीमांसा करते हुए कहा कि जिन लोगों ने देश के संविधान को गिरवी रखकर लगभग दो साल तक देश में आपातकाल लगाया, विपक्ष के तमाम छोटे-बड़े नेताओं को जेल के सीखचों में बंद कर दिया, उनपर व उनके परिवार जनों पर भीषण अत्याचार किया गया, बीमार होने पर भी उन्हे जेल में रखा इस दौरान अनेक विपक्षी नेता काल कवलित हुए। तमाम नागरिक अधिकारों को खूंटी पर टांग दिया गया। संविधान में प्राप्त मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया, इतना ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया। आज वो लोग संविधान की रक्षा की कसमें खा रहें हैं। भारतीय जनता पार्टी पर संविधान बदलने के झूठे आरोप लगा रहें हैं, ये वास्तव में उनके निम्न स्तरीय सोच का परिणाम ही हैं। भाजप मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने आगे कहा कि देश संविधान व कानून के अनुसार चलेगा। इस बात पर भाजपा व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कृतसंकल्पित हैं। इस तरह के कांग्रेसी दुष्प्रचार का प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सभाओं में जोरदार ढंग से खंडन भी कर दिया हैं। यह बात आईने की तरह साफहैं कि इस देश में कानून से बड़ा कोई भी नहीं हैं देश का बड़ा से बड़ा आदमी भी कानून से बढ़कर नहीं हैं, इस मुद्दे पर भाजपा का दृष्टिकोण एकदम साफ हैं की जो भ्रष्टाचार करेगा उसे जेल जाना ही होगा। करोड़ों-अरबों के घोंटाले करने के दिन अब लद गए। जिन-जिन लोगों के नाम घोटालों में आ रहे है उन्हे गिनगिन कर जेलों में बंद किया जा रहा हैं। छापों में करोड़ों-करोड़ की नगदी व संपत्तियाँ जप्त हो रही हैं, देश में कुछ लोग कानून को अपने हिसाब से इस्तेमाल करना चाह रहें थे, जो अब सफल नहीं होंगे। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने 42 वाँ संविधान संशोधन किया था। यह संशोधन अब तक का सबसे व्यापक और विवादास्पद रहा। उसके बाद संविधान बदलेने का आरोप भाजपा के ऊपर लगाना इनके मुंह से शोभा नहीं देता। श्री पांडे ने आगे कहा की वास्तव में देश के संविधान को कोई खतरा नहीं हैं, संविधान एकदम सुरक्षित हैं। देश की राजनीति में कुछ परिवरवादी लोग जो अपने परिवार के सहारे केंद्र व प्रदेश में राजनीति कर रहें हैं, और भ्रष्टाचार करके अरबों की अकूत संपत्ति इकट्ठी कर रखें हैं, उन्हे अब मोदी जी के आने से भ्रष्टाचार का हिसाब देना पड़ रहा हैं, तो ऐसे सारे भ्रष्टाचारी एक होकर फिर से सत्ता पाने की कोशिशों मे लगे हुए हैं और जब उन्हे सत्ता प्राप्त होतो नजर नहीं आ रही, लोकसभा आसन्न चुनाव में अपनी पराजय सुनिश्चित दिखाई दे रही हैं तो संविधान का खतरा बताकर लोगों को दिगभ्रमित करने की कोशिश हो रही हैं। अब देश का जनमानस उनके इस दोगलेपन को समझ रहा हैं, व मोदी जी के साथ खड़ा हैं। श्री पांडे ने आगे कहा कि कांग्रेस शासन काल में करोड़ों के घोंटाले हुए जिसका पैसा काँग्रेसियों के जेब में चल जाता था, किन्तु मोदी जी के शासन काल में वो पैसा सीधे गरीबों के खातों में पहुच रहा हैं। पिछले 10 वर्षों में 35 लाख करोड़ की विशाल धन राशि गरीबों,किसानों व महिलाओं के खाते में सीधी भेजे गई हैं। पहले कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली से एक रुपए चलता था वह गाँवों तक पहुचते-पहुचते 15 पैसे हो जाता था, बाकी का 85 पैसा काँग्रेसियों के जेब में चला जाता था। अब मोदी जी के शासन काल में सतप्रतिशत राशि सीधे हितग्राहियों को दी जा रही हैं, इसमे कही कोई बिचौलिया नहीं हैं। मोदी जी की नीतियों का ही यह सुपरिणाम है की 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से उबर गए,घर-घर में पीने का पानी, शौचालय, बिजली, चमचमाती सड़कों की व्यवस्था हो रही है। देश के आर्थिक विकास से दुनिया चकित व हैरान हैं। मोदी जी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं, मोदी जी को इस लोकसभा चुनाव में समर्थन देने के लिए अमेरिका, इंग्लैंड सहित पश्चिम के तमत देशों के दर्जनों शहरों में भारतवंशियों के द्वारा रैली निकालई जा रही हैं। पूरा देश मोदी जी के पीछे खड़ा हैं जिससे देश के विपक्षीय दल विशेष कर कांग्रेस व यहाँ के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का बैचैन हो कर अनापशनाप बयान देना समझ में आ रहा है। श्री पांडे आज नवरात्रि का पवन पर्व प्रारंभ होने पर माँ दुर्गा भवानी को प्रणाम करते हुए अपने दौरे की शुरुवात की वे गंडई मण्डल के ठंडार पहुचकर जनसम्पर्क किया फिर वे ग्राम रेमड़वा, जगमढ़वा, हनईबन, मरतकठेरा, बिरनपुरकला, पेंडरवानी, बरबसपुर, सम्बलपुर, खौड़ा, कटंगी, होते हुए छुईखदान मण्डल के ग्राम मुरई, पहुचें जहा ग्रामीणों ने श्री पांडे का जोशीला स्वागत किया माता बहनों ने मंगल तिलक लगाकर आरती उतारी एवं जीत का आशीर्वाद दिया इस दौरान श्री पांडे के साथ भाजपा नेता कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, पुष्पेंद्र देवांगन, संजय अग्रवाल, श्यामापाल ताम्रकार, गोपाल साहू, अनिल अग्रवाल, दूजे वर्मा, रमेश जंघेल, प्रेमनारायण चंद्राकार, राजू जायसवाल, विक्की अग्रवाल, राकेश ठाकुर, निजाम मंडावी, उमा चौबे, राजलक्ष्मी पंसारी, विक्रांत चंद्राकार, नेतराम जंघेल, अवध जंघेल, भावेश कोचर, कृष्णकांत मोहाबिया, नवनीत जैन, किसन सिलोटिया, शुभम चंद्राकार, कमलेश साहू, पन्ना मंडावी, पूरन वर्मा, प्रकाश जंघेल, अग्राहिज राम ध्रुवे, संदीप वैष्णव, ललित चोपड़ा सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लखोली में रही कर्मा जयंती की धूम शहर में चर्चा का विषय बना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली दुर्गा चौक में 5 अप्रैल पापमोचनी एकादशी को आयोजित



कर्मा जयंती समारोह में समाज के वक्ताओं ने कर्मा माता की महिमा का जमकर बखान किया। इस दौरान सामाजिक ध्वज ही फहराया गया इसी के साथ कर्मा माता की सामूहिक आरती भी की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही साथ शाम को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जयंती उत्सव मनाने डीजे लगाया गया था जो पूरे लखोली में भ्रमण किया इस दौरान सैकड़ो महिलाएं और पुरुषों जिसमें बच्चों से लेकर बूढ़ों तक शामिल थे। जो कि जमकर थिरके कार्यक्रम की श्रृंखला में कलश यात्रा भी निकाली बहुत लंबी कलश यात्रा में सजी-धजी महिलाओं ने स्वस्फूर्त होकर अपने-अपने घरों से कलश लाए थे। इस दौरान समाज के लोग अपने काम धंधे बंद रख कर जयंती समारोह में हिस्सा लिया लखोली के जयंती कार्यक्रम की चर्चा आज भी पूरे शहर में चल रही है। इस अवसर पर समाज के साहू मोहल्ला समिति लखोली के अध्यक्ष प्रवीण साहू, उपाध्यक्ष हीरा साहू, सचिव शत्रुघ्न लाल साहू, सह सचिव बृजलाल साहू, कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, मांगन दास साहू, 23 पार प्रमुख समाज के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी आदि ने बुजुर्गों का लखोली में सामाजिक बुजुर्गों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। इससे गदगद होकर बुजुर्गों ने समाज संगठन को आशीर्वाद दिया कि वे समाज को नैतिकता के ऊंचाइयों तक ले जाने निरंतर प्रयास करते रहें।

## रितेश सिन्हा बने युवा कांग्रेस जिला महासचिव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के तिलई निवासी युवा नेता रितेश सिन्हा के सक्रियता को देखते हुए युवा कांग्रेस राष्ट्रीय



महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, लोकसभा प्रभारी सुश्री बिंदिया बैनर्जी के अनुशंसा पर प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) प्रांजल तिवारी, जिला सहप्रभारी प्रिया खत्री एवं जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) संदीप सिंह गहरवार ने युवा नेता रितेश सिन्हा के पार्टी के प्रति सक्रियता को देखते हुए जिला युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) महासचिव नियुक्ति किया गया है। पूर्व में युवा कांग्रेस ब्लॉक महासचिव, विधानसभा महासचिव पद पर रहकर कार्य कर चुके है। नियुक्ति पर रितेश सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी में जो जवाबदारी दी है, उन्हें वो पूरी निष्ठा से निभाएंगे, उनकी नियुक्ति पर वरिष्ट व युवा कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दिए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत मोहला अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिकाओ ने आज मतदाता जागरुकता रैली निकालकर मतदान करने प्रेरित किया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों के साथ शपथ लिया गया। सभी नागरिकों को 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत मोहला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशवरी देवांगन, अन्य अधिकारी-कर्मचारी, परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग एव सुपरवाइजर उपस्थित हुए।

**शुभांक**

**3-5-8**

**355-3 255-2**

**भाग्यांक**

**167-4 380-1**

## भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन पूरे हर्षोल्लास से भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ हुआ

**डोंगरगांव-अर्जुनी ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों ग्राम अर्जुनी में पापमोचनी एकादशी के पावन उपलक्ष्य में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का वृहद आयोजन पूरे उत्साह से हुआ ।स्वर अंजली मानस जगराता परिवार ने शोभा कलश यात्रा की लंबी श्रृंखला में सहयोग दे रहे नन्ही बालिकाओं व बहनों माता का साहस इस भीषण गर्मी में भक्तिमय सुमधुर गीतों के संग वातावरण को खुशनुमा बनाते हुए बहुल्य स्वजातीय बंधुओ की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का आगाज़ करने में सहयोग प्रदान किए ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरनाथ साहू पूर्व महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव,अध्यक्षता हेमंत साहू तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव ने किए,प्रमुख अतिथि इंदुमती साहू सभापति रहे।मुख्य अतिथि अमरनाथ साहू ने एकता अखंडता के प्रतीक समाजिक ध्वज को आरोहित किए,और सामूहिक मंगल महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।कार्यक्रम का सफलता पूर्वक विधिवत संचालन कर रहे तहसील प्रशासनिक सचिव व ग्राम सचिव लविंद्र साव ने अतिथियों के सम्मान उपरांत स्वागत भाषण



ग्राम अध्यक्ष भैया लाल साहू को आमंत्रित कर उद्बोधन कार्यक्रम को गति प्रदान किए,पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने समाजिक कुरूतियो पर करारा प्रहार करते हुए यह कहा कि आडंबर या दुर्गुण से लिप्त किसी भी लोगो को समाज के पद में रहने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है,स्वयं कुरीति रहित हो,तभी वे समाज को विकसित व अनुशासित कर सकते है ।कार्यक्रम को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू,परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चुनेश्वर साहू,हिरदे राम साहू ने माता कर्मा के जीवनी को प्रकाशित किए। इस अवसर पर समाज को उल्लेखनीय योगदान देने वालो का सम्मान किया गया। आभार ज्ञापन सभापति जनपद पंचायत मोहनीश साहू ने किए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सलाहकार चेतन दास साहू,सरपंच द्रौपति साहू, फेरू राम इंदौरिया, दीपिका साहू,दिनेश साहू,मोहनीश साहू,अंजोर साहू,कुमार साहू,यादराम साहू, हिरदे राम साहू,मिलू राम साहू,बसंत साहू,खगेश साहू,तीरथ साहू,छ्बीलाल साहू, दीना साहू सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी धन्नू साहू,अलखराम साहू,देवेंद्र साहू,निर्मल दास साहू,यशवंत साहू,सेवक साहू,शिव कुमार साहू,नागेश्वरी साहू,रोहणी साहू, हेमबती साहू,पार प्रमुख जीवन दास साहू,मनसुख साहू,बेमलाल साहू,पंचराम साहू सहित समस्त स्वजातीय बंधुओ ने विशेष सहयोग प्रदान किए है।

## मॉ बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि मेला में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों ड्यूटी में तैनात

### पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में चैत्र नवरात्रि पर्व डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी में तैनात जवानों को ब्रीफकर किया गया ड्यूटी वितरण



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु - 1- ऊपर मंदिर गर्भगृह, 2- रोपवे नीचे एवं ऊपर, 3- ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, 4- क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, 5- गोताखोर पार्टी, 6- बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। दिनांक 09.04.2024 से 17.04.2024 तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्री बी.पी.राजभानू, सेनानी 08 वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफकर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मॉ बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अति0पु0अधी0 नक्सल ऑपरेशन राज0 मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, उप सेनानी 07 वीं0 वाहिनी छसबल भिलाई मीता पवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, उप पुलिस अधी0 अजाक तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अनु0अधि0 डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, उप पु0अधी0 पीटीएस अंजली ऐरेवार, उप पु0अधी0 नक्सल सेल राज0 अजीत ओगरे, उप पु0अधी0 दुर्ग एलेक्जेण्डर किरो, उप पु0अधी0 बेमेतरा कौशिल्या साहू, सहायक सेनानी 08 वीं वाहिनी राज0 हरीश टोण्डर, उप पु0अधी0 मुंगेली नवनीत पाटिल, सहायक सेनानी 03 वीं0 वाहिनी छसबल अमलेश्वर अनिता सागर, सहायक सेनानी 14 वीं वाहिनी बालोद अजीत सिंह यादव, उप पुलिस अधी0 रायगढ़ अनामिका जैन, उप पु0अधी0 कोरिया जे0पी0 भारतेन्दु , प्रशिक्षु उप पु0अधी0 राजनांदगांव नवीन एक्का एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## रानी मंदिर में नववर्ष 2081 पर दीप-दान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर



विक्रम संवत 2081 दिन मंगलवार 09 अप्रैल 2024 को रानी मंदिर छुईखदान में दीप जलाकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी से नववर्ष में सभी भक्तों के जीवन में सुख शांति समृद्धि खुशियां सौभाग्य की प्रार्थना की गई। मंदिर समिति संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने बताया कि चैत्र बारिश के कारण मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कर ध्वजा लगाकर, दीप जलाकर भगवान की पूजा उत्सव कर भक्तों द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व एवं नववर्ष 2081 की बधाई शुभकामनाएं दी गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने नववर्ष रैली आयोजन में जय श्री राम के नारे लगाते हुए शोभायात्रा एवं मोटरसाइकिल रैली में शामिल रहे । नवरात्रि प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा पाठ भक्तों द्वारा किया जाता है ।

## आपका मतदान लोकतंत्र की जान.... संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आपका मतदान लोकतंत्र की जान.... इस संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए भारत माता की जय उद्घोष के साथ उमंग एवं उल्लास के साथ चौक चौराहों, गली-मोहल्लों से होते हुए युवाओं, खिलाडियों, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों का काफिला निकला। वॉक द सिटी रैली सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव से गांधी सभा गृह, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जुनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक से होते हुए पुन: सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव में समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता के लिए कदम दर कदम कारवां बढ़ता चला गया और राहों में सभी के दिलों में मतदान करने का एक जज्बा जगाते चला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया है और जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, घर-घर अलख जगाएंगे के जज्बे के साथ हर घर तक मतदाताओं में जागरूकता लाने की दिशा में शिद्दत से कोशिश की जा रही है। चुनाव का पर्व देश का गर्व, बढ़ाएं कदम दिखाएं वोट का दम, युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान, लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट का अब अधिकार, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है, वोट है ताकत, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करे मतदान जैसे नारों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, सहायक स्वीप नोडल श्रीमती रश्मि सिंह, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, सहायक खेल अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, श्री रणविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित रहे।





**नाम परिवर्तन**

मैं नेमा देवी लोहिया (**Nema Devi LOhiya**) ,धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया हाउस नंबर-304/के, वार्ड क्रमांक 29 माहेश्वरी मेडिकल एजेंसीज के उपर , लखोली रोड, राजनांदगांव (छ.ग.) अपना पुराना नाम नेमा देवी लोहिया (**Neema Devi LOhiya**), धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया त्यागकर अब नए नाम नेमा देवी लोहिया (**Nema Devi LOhiya**)धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया रख ली हूं ।

भविष्य में मुझे मेरे नए नाम नेमा देवी लोहिया (**Nema Devi LOhiya**) धर्मपत्नी नरेन्द्र कुमार लोहिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नेमा देवी लोहिया**
**(Nema Devi LOhiya)**
**W/O नरेन्द्र कुमार लोहिया**
**निवासी- हाउस नंबर-304/के, वार्ड क्रमांक 29 माहेश्वरी मेडिकल एजेंसीज के उपर , लखोली रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

## ज्ञान मंथन

*1) भारत के किस राज्य में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम है?*
*2) केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय के 11 जनवरी, 2024 को दिए गए स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कारों में लगातार किस शहर को सातवीं बार तथा किसे पहली बार सर्वाधिक स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है?*
*3) मौर्य प्रशासन में लक्षणाध्यक्ष कौन होता था?*
*4) किस राष्ट्रवादी नेता ने स्वदेशी आन्दोलन का नेतृत्व दिल्ली में किया था?*
*5) 150 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हाल ही में कौन बने हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) केरल (2) इंदौर (सात बार), सूरत (3) टकसाल का अध्यक्ष (4) सैयद हैदर रजा (5) सुनील क्षेत्री

# शक्ति की आराधना नगर में उत्सव से मनाया जा रहा है नवरात्र का पर्व



## शक्तिपीठो मे इस नवरात्र मनोकामना ज्योति कलशो की संख्या मे बढ़ोतरी

**छुईखदान( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्रि के एक हफ्ता पहले से ही मंदिरो मे पोताई लिपाई के साथ साफ सफाई और साज सजावट शुरू हो गया था नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही देवी मंदिरो मे भक्तो की भीड रही सुबह से ही पूजा सामग्री लेकर श्रद्धालु मंदिरो मे पहुंचे रहे थे चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही देवी मंदिरो मे आस्था के दीप जले बड़ी संख्या मे अपनी श्रद्धा व सुख शांति के लिए देवी मंदिरो मे ज्योति कलश की स्थापना लोगो ने की है पंडित शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि अपने परिवार की सुख शांति के लिए कोई 9 दिनो तक उपवास रहते है तो कोई कलश स्थापना करवाता है नगर के प्रमुख देवी मंदिरो मां काली मंदिर संतोषी मंदिर भैरव बाबा शीतला मंदिर वैष्णव देवी मंदिर महामाया मंदिर लक्ष्मणपुर शीतला मंदिर श्यामपुर शीतला मंदिर सहित आसपास अंचल के देवी मंदिरो मे भक्तो की भीड़ लग रही है हर साल नवरात्र मे पद यात्रियो की संख्या मे बढ़ोतरी हो रही है इस बार भी लोग पैदल यात्रा के लिए निकल पड़े है चैत्र नवरात्र का महीना प्रारंभ होते ही पदयात्रा माता रानी के दर्शन के लिए निकल पड़ते है 9 दिनो तक नवरात्रि मे जगह-जगह पर पैदल यात्रियो के लिए सामाजिक संगठन व प्रशासन की तरफसे सेवा की जाती है यात्रियो के लिए भोजन की व्यवस्था रहती है पैदल आने जाने वालो की संख्या मे महिलाओ की संख्या मे भी बढ़ोतरी देखी जा रही है नगर के प्राचीन महाकाली मंदिर मे विधि विधान से पूजा अर्चना कर ज्योति कलश की स्थापना की गई



पांच कन्याओ द्वारा माई ज्योति को प्रचलित किया गया इसके बाद बाकी ज्योतियो को ज्योत जलवाने वाले लोगो और मंदिर के भक्तो द्वारा जलाया गया

**मध्य रात्रि को होता है मां काली का श्रृंगार**

मंदिर के पुजारी मनोज तिवारी ने बताया कि नवरात्रि शुरू होने के पहले मुहूर्त देखकर माता का तेल से लेप किया जाता है जो इस वर्ष सोमवार को 11 बजे किया गया ज्योति स्थापना के एक दिन पहले रात 12 बजे मां काली का श्रृंगार चरण को स्नान करवाकर किया जाता है माता के श्रृंगार के बाद बाजे गाजे संख घंटे के साथ मां काली की आरती की जाती है दूसरे दिन नवरात्रि के एकम के दिन पंचांग के मुहूर्त हिसाब से पूजा करवा कर ज्योति को पाच कन्याओ से प्रचलित करवाया जाता है उसके बाद बाकी ज्योत को भी जलाया जाता है

**इन मंदिरो मे हुई ज्योति स्थापना**

काली मंदिर मे घी ज्योति 37 तेल ज्योति 429 संतोषी मंदिर मे घी ज्योति 11 काल भैरव मे घी ज्योति 1 शनि देव मंदिर मे 2 घी ज्योति शीतला मंदिर मे घी ज्योति 1 तेल ज्योति 74 वैष्णव देवी मंदिर टिकरीपारा मे 10 घी और तेल ज्योति 109 महामाया मंदिर कोडका मे घी 7 और तेल ज्योति 476 कोडका शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 10 कोड़का शनि मंदिर मे तेल ज्योति 125 लक्ष्मणपुर शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 42 श्यामपुर शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 30 जलाई गई है

**चैत्र नवरात्र मे अधिक ज्योति रहता है**

मां काली मंदिर के पुजारी मनोज तिवारी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि मे सभी देवी मंदिरो मे अधिक ज्योति कलश की स्थापना होती है इस वर्ष भी ज्यादा ज्योति कलश की स्थापना सभी मंदिरो मे हुई है

# निषाद समाज ने बद्री प्रसाद पारकर व डॉ चमन निषाद को किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक जिला मुख्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, कोषाध्यक्ष बलराम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन निषाद, सलाहकार विजय निषाद के उपस्थिति में आयोजित की गई । राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सम्मानित अतिथियों का आगमन पर राजनादगांव जिला पदाधिकारियों व सामाजिक जनों द्वारा भव्य स्वागत कर की गई । छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा श्री बदी प्रसाद पारकर के पुस्तक 'बिसरे दिन के सुरता' छत्तीसगढ़ संवाद प्रकाशित गई है । यह पुस्तक छत्तीसगढ़ के साहित्यिक बोली के लिए सहायक होगा ?। लेखक बद्री प्रसाद पारकर दुर्ग पूर्व जिला अध्यक्ष निषाद समाज लेखाकार, साहित्य कार व निषाद समाज के गौरव डॉक्टर चमन निषाद शुक्ला मल्टी हॉस्पिटल के डायरेक्टर को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया । बैठक में सामाजिक विकास व अन्य सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया गया । इस अवसर पर कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दाताराम निषाद, कार्यालय सचिव चुम्मन निषाद, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिनेश निषाद, राजनैतिक जिलाध्यक्ष रजभान निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरासिंग निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामशरण निषाद, महासचिव तारम निषाद, समाज सेवी धन्नू निषाद, सोमनाथ निषाद, लालाराम निषाद, समाज सेवक झाड़ू राम निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद, समाज सेवी सोमनाथ निषाद आदि बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे ।





## बच्चों को दांतों की सुरक्षा की जानकारी दी गई

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर छत्तीसगढ




डेंटल कॉलेज एन्ड रिसर्च इन्स्ट्यूट के डिपार्टमेंट ऑफपब्लिक हेल्थ एंड पिडोडान्टिक्स डेंटिस्ट्री के प्रशिक्षु डॉक्टरों ने बच्चों को दांतों की सुरक्षा को जानकारी दी। बच्चों के दांतों की यंत्रों द्वारा जांच भी की गई। बच्चों को डॉ केयुरा पारख और डॉ हितेश सचदेव एन्ड टीम ने दांतों की सुरक्षा के उपाय बताए। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान तथा ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों को वर्ल्ड हेल्थ डे की शुभकामनाएँ दी है।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज खुज़्जी विधानसभा क्षेत्र में

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे का जनसम्पर्क अभियान जैसे-जैसे चुनाव की तरीखे नजदीक आती जा रही हैं वैसे-वैसे अभियान में तेजी आती जा रही हैं। श्री पांडे कल 10 अप्रैल बुधवार को खुज़्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमर्दा मण्डल के ग्राम गुंडरदेही से अपने जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ग्राम कांपा, कलडबरी, रतनभाठ, गोंडलवाही, बड़गाँव, उमरवाही, मरकाकसा, सीताकसा, तुर्रेगढ़, सालहे, पांगरी, चांदों, धनगाँव मुंजालकला, चिरचारीकला, बादराटोला, आतरगाँव, चिरचारीखुर्द, सोमाझीटिया, खुर्सीटिकुल, तथा आमगाँव में जनसम्पर्क करते हुए अनेक स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



## गौ सेवा समिति के प्रयत्न से जिला मुख्यालय में खुला प्याऊ घर, स्काउट गाइड के रोवर देंगे रोजाना निस्वार्थ सेवा

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रदेश अधिकारियों के निर्देश पर जिला आयुक्त स्काउट पदेन जिला




शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में पुराने बस स्टैंड मे ग्रीष्म कालीन प्याऊ घर सेवा की शुरूआत हुई हैं. इस अवसर पर स्काउटिंग परंपरा अनुसार अतिथियों का स्कार्फ लगा कर स्वागत किया गया. श्री राम गौ सेवा समिति के सहयोग से डीईओ लालजी द्विवेदी ने प्याउ घर का शुभारंभ किया. शीतल पेय जल व शरबत वितरण किया गया. इस अवसर सेवानिवृत्त बीईओ महेश भूआर्य, वरिष्ठ शिक्षक कमलेश्वर सिंह, सुनील गुनी, क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, केके वर्मा, हेम लाल वर्मा, मनोहर लाल चंदेल, नवीन जैन, हर्ष शर्मा, सूर्य कुमार, शिवम ताम्रकार, हरिंतक द्विवेदी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे. प्याऊ घर में रोजाना स्काउट गाइड रोवर रेंजर अपनी सेवा निशुल्क देंगे.

# निगम के प्रथम वार्ड बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर में आयुक्त ने प्रातः साफ सफाई व जारी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## वार्ड नं. 1 में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार की राशि कटौती के दिये निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता प्रातः निर्माण कार्य एवं सफाई व्यवस्था की सत्त मानिटरिंग कर रहे है, इसी कडी में आज तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ वार्ड नं. 1,2 व 3 के बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर क्षेत्र में पैदल घूम निर्माणाधीन कार्य एवं सफाई व्यवस्था देख अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नवागांव में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार की 3 प्रतिशत राशि कटौती करने निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः नवागांव टेचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर कर्मचारियों की संख्या व उनके कार्यो के बारे में जानकारी लिये। उन्होंने कचरा प्रोसिसिंग में तेजी लाने सेन्टर प्रभारी से कहा तथा बंद प्रोसिसिंग कार्य ठेकेदार से जल्द चालू कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। इसके अलावा बेलिंग मशीन, फटका मशीन को चालू कराने, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के भी निर्देश दिये। एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर श्री रामटेके से कहा कि टेचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान टीम वर्क के साथ गंभीरता से करे, इस प्रकार से कार्य किया जाये कि आदर्श टेचिंग ग्राउण्ड में हमारी गिनती हो सके। उन्होंने बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर में साफ व्यवस्था का जायजा लेकर साफ सफाई में गुणात्मक सुधार लाने, नवरात्रि को देखते हुये पदयात्री मांर्ग में समुचित साफ सफाई करने के निर्देश दिये। नवागांव में हाजरी रजिस्टर जॉच पर सुपरवाईजर द्वारा लापरवाही पायी गयी, उनके द्वारा सफाई कर्मियों की फोटो नहीं लगाने, निष्ठा हाजरी का अभाव पर नराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व में भी इस संबंध में निर्देश दिया गया था, किन्तु इसका पालन अभी भी नहीं किया गया है, जिसपर उन्होने संबंधित ठेकेदार का 3 प्रतिशत राशि कटौती करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में अनुपस्थित कर्मचारियों की लाल पेन अनुपस्थिति लगाये। सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। आयुक्त श्री गुप्ता वार्ड नं. 1,2 व 3 में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान बाबूटोला मे चल रहे नाली निर्माण कार्य, वार्ड नं. 2 में आम्बेडकर भवन के पास रोड निर्माण कार्य का



निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने, नियमित रूप से तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की सतत मानिटरिंग करे तथा शेष निर्माण कार्य चुनाव के पश्चत चालू करावे। मोतीपुर में निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण कर मैदान में पानी डाल कर रोलिंग कराने तथा शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे, दिवाल लेखन का कार्य जल्द पूर्ण करे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू, सहायक मिशन क्लीन सिटी श्री पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी,प्र. पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# नवरात्र के दूसरे दिन करें इस चालीसा का पाठ और आरती, आय और सौभाग्य में होगी वृद्धि

धार्मिक मत है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने वाले साधक को सभी शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होती है। इस दिन जातक का मन स्थिर रहता है। शास्त्रों में मां ब्रह्मचारिणी की महिमा का गुणगान किया गया है। मां ब्रह्मचारिणी बेहद दयालु हैं। अपने भक्तों पर असीम और अनंत कृपा बरसाती हैं। मां की कृपा से साधक को मृत्यु लोक में स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है।

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु व्रत-उपवास रखा जाता है। धार्मिक मत है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने वाले साधक को सभी शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होती है। इस दिन जातक का मन स्थिर रहता है। शास्त्रों में मां ब्रह्मचारिणी की महिमा का गुणगान किया गया है। मां ब्रह्मचारिणी बेहद दयालु हैं। अपने भक्तों पर असीम और अनंत कृपा बरसाती हैं। मां की कृपा से साधक को मृत्यु लोक में स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। अगर आप भी सुख और सौभाग्य में वृद्धि पाना चाहते हैं, तो चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन पूजा के समय इस चालीसा का पाठ और आरती करें।

**दोहा**

कोटि कोटि नमन मात पिता को, जिसने दिया ये शरीर।
बलिहारी जाऊँ गुरू देव ने, दिया हरि भजन में सीर।।

**स्तुति**

चन्द्र तपे सूरज तपे, और तपे आकाश । इन सब से बढकर तपे,माता ? का सुप्रकाश ।।
मेरा अपना कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा । तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा ॥
पद्म कमण्डल अक्ष, कर ब्रह्मचारिणी रूप । हंस वाहिनी कृपा करो, पडू नहीं भव कूप ॥
जय जय श्री ब्रह्माणी, सत्य पुंज आधार ।
चरण कमल धरि ध्यान में, प्रणबहुँ माँ बारम्बार ॥




**चौपाई**

जय जय जग मात ब्रह्माणी, भक्ति मुक्ति विश्व कल्याणी।
वीणा पुस्तक कर में सोहे, शारदा सब जग सोहे ।।
हँस वाहिनी जय जग माता, भक्त जनन की हो सुख दाता।
ब्रह्माणी ब्रह्मा लोक से आई,मात लोक की करो सहाई।।
क्षीर सिन्धु में प्रकटी जब ही,देवों ने जय बोली तब ही।
चतुर्दश रतनों में मानी, अदभुत माया वेद बखानी।।
चार वेद षट शास्त्र कि गाथा,शिव ब्रह्मा कोई पार न पाता।
आदि शक्ति अवतार भवानी, भक्त जनों की मां कल्याणी।।
जब-जब पाप बढे अति भारी,माता शस्त्र कर में धारी।
पाप विनाशिनी तू जगदम्बा,धर्म हेतु ना करी विलम्बा।।
नमो: नमो: ब्रह्मी सुखकारी,ब्रह्मा विष्णु शिव तोहे मानी।
तेरी लीला अजब निराली,सहाय करो माँ पल्लू वाली।।
दु:ख चिन्ता सब बाधा हरणी,अमंगल में मंगल करणी।
अन्न पूरणा हो अन्न की दाता,सब जग पालन करती माता।।
सर्व व्यापिनी असंख्या रूपा,तो कृपा से टरता भव कूपा।
चंद्र बिंब आनन सुखकारी,अक्ष माल युत हंस सवारी।।
पवन पुत्र की करी सहाई,लंक जार अनल सित लाई।
कोप किया दश कन्ध पे भारी,कुटुम्ब संहारा सेना भारी।।
तु ही मात विधी हरि हर देवा, सुर नर मुनी सब करते सेवा।देव दानव का हुआ सम्वादा,रे पापी मेटी बाधा।।
श्री नारायण अंग समाई,मोहनी रूप धरा तू माई।।
देव दैत्यों की पंक्ति बनाई,देवों को मां सुधा पिलाई।।
चतुराई कर के महा माई,असुरों को तू दिया मिटाई।
नौ खण्डमांही नेजा फरके,भागे दुष्ट अधम जन डर के।।
तेरह सौ पेंसठ की साला,आस्विन मास पख उजियाला।
रवि सुत बार अष्टमी ज्वाला,हंस आरूढ कर लेकर भाला।।
नगर कोट से किया पयाना,पल्लू कोट भया अस्थाना।
चौसठ योगिनी बावन बीरा,संग में ले आई रणधीरा।।
बैठ भवन में न्याय चुकाणी,द्वारपाल सादुल अगवाणी।
सांझ सवेरे बजे नगारा,उठता भक्तों का जयकारा।।
मढ़ के बीच खड़ी मां ब्रह्माणी,सुन्दर छवि होंठो की लाली ।पास में बैठी मां वीणा वाली,उतरी मढ़ बैठी महाकाली ।लाल ध्वजा तेरे मंदिर फरके,मन हर्षाता दर्शन करके।
दूर दूर से आते रेला,चैत आसोज में लगता मेला।।
कोई संग में, कोई अकेला,जयकारो का देता हेला।
कंचन कलश शोभा दे भारी,दिव्य पताका चमके न्यारी।।
सीस झुका जन श्रद्धा देते,आशीष से झोली भर लेते।
तीन लोकों की करता भरता,नाम लिए सब कारज सरता ।मुझ बालक पे कृपा कीज्यो,भुल चूक सब माफी दीज्यो ।मन्द मति जय दास तुम्हारा,दो मां अपनी भक्ती अपारा ।।
जब लगि जिऊ दया फल पाऊं,तुम्हरो जस मैं सदा सुनाऊं।
श्री ब्रह्माणी चालीसा जो कोई गावे,सब सुख भोग परम सुख पावे ।।

**दोहा**

राग द्वेष में लिप्त मन, मैं कुटिल बुद्धि अज्ञान ।
भव से पार करो मातेश्वरी, अपना अनुगत जान ॥

मां ब्रह्मचारिणी की आरती जय अंबे ब्रह्माचारिणी माता।
जय चतुरानन प्रिय सुख दाता। ब्रह्मा जी के मन भाती हो। ज्ञान सभी को सिखलाती हो। ब्रह्मा मंत्र है जाप तुम्हारा। जिसको जपे सकल संसारा ।जय गायत्री वेद की माता। जो मन निस दिन तुम्हें ध्याता। कमी कोई रहने न पाए।
कोई भी दुख सहने न पाए। उसकी विरति रहे ठिकाने। जो तेरी महिमा को जाने। रुद्राक्ष की माला ले कर। जपे जो मंत्र श्रद्धा दे कर ।आलस छोड़ करे गुणगाना। मां तुम उसको सुख पहुंचाना। ब्रह्मचारिणी तेरो नाम। पूर्ण करो सब मेरे काम ।भक्त तेरे चरणों का पुजारी। रखना लाज मेरी महतारी।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com